सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति–1**

- **राजभवन देहरादून में वसंतोत्सव/पुष्प प्रदर्शनी का 01 मार्च (शुक्रवार) से होगा आगाज।**
- **कर्टेन रेजर में राज्यपाल ने वसंतोत्सव–2024 की विस्तृत जानकारी दी।**
- **इस वर्ष विशेष पोस्टल कवर के लिए ''थुनेर'' का चयन किया गया है।**
- **01 मार्च को वसंतोत्सव का उद्घाटन प्रातः 11:00 बजे किया जायेगा।**
- **01 मार्च को दोपहर 1.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक तथा 02 व 03 मार्च को प्रातः 09.00 बजे से सायं 6.00 बजे पुष्प प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।**

**राजभवन देहरादून 20 फरवरी, 2024**

मंगलवार को राजभवन में वसंतोत्सव–2024 का 'कर्टेन रेजर' आयोजित किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस वर्ष 01 मार्च से राजभवन में शुरू हो रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव–2024 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विशेष पोस्टल कवर के लिए ''थुनेर'' का चयन किया गया है। 01 मार्च को दोपहर 1.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक तथा 02 व 03 मार्च को प्रातः 09.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक वसंतोत्सव/पुष्प प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन देहरादून में 2003 से प्रारम्भ हुआ वसंतोत्सव, उत्तराखंड की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के पुष्पों की एक अलग पहचान है, यहाँ फूलों के उत्पादन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, जो उत्तराखंड के लिए एक वरदान साबित हो सकती हैं। राज्यपाल ने कहा कि पुष्प प्रदर्शनी के रूप में शुरू हुआ यह आयोजन दिन–प्रतिदिन लोकप्रिय होकर अब एक बड़े सांस्कृतिक व आर्थिक उत्सव में बदल चुका है।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां एवं उपलब्ध जलवायु पुष्पोत्पादन के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि हमें पुष्पों को व्यवसायिक गतिविधियों के साथ जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे साथ ही निकटवर्ती क्षेत्रों के अलावा हमें देश एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यहां के पुष्पों को पहुँचाने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य को पुष्प प्रदेश बनाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि प्रतिवर्ष राजभवन के प्रांगण में वसंतोत्सव के आयोजन से पुष्पोत्पादन के क्षेत्र में जनसाधारण एवं कृषकों में विशेष रुचि विकसित हुई है और इसे निरंतर व्यापकता देने का प्रयास किया जा रहा है। 'कर्टेन रेजर' में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस भदौरिया, निदेशक उद्यान दिप्ति सिंह, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ.नितिन उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

.........0..........

**वसंतोत्सव 2024 के महत्वपूर्ण आकर्षण–**

- जनमानस तथा कृषकों में पुष्प उत्पादन के प्रति अभिरूचि बढ़ाने के लिये वसंतोत्सव में पुष्प प्रदर्शनी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का निम्नानुसार आयोजन किया जा रहा है–

| | | |
|---|---|---|
| A. | कट फ्लावर | – 66 पुरस्कार |
| B. | पॉटेड प्लान्ट्स प्रबन्धन | – 12 पुरस्कार |
| C. | लूज फ्लावर प्रबन्धन | – 12 पुरस्कार |
| D. | पुष्प के अतिरिक्त पॉटेड प्लान्ट्स | – 06 पुरस्कार |
| E. | रूफटॉप गार्डनिंग में सब्जियाँ | – 09 पुरस्कार |
| F. | कैक्टस एवं सकुलेन्ट्स | – 03 पुरस्कार |
| G. | बोन्साई | – 06 पुरस्कार |
| H. | टेरारियम (Terrarium) | – 03 पुरस्कार |
| I. | हैंगिंग पॉटस | – 03 पुरस्कार |
| J. | **हाइड्रोपोनिक तकनीकी प्रदर्शन (प्रथमबार)** | – 03 पुरस्कार |
| K. | बागवानी में प्रयुक्त गमले | – 03 पुरस्कार |
| L. | शहद | – 09 पुरस्कार |
| M. | ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी | – 03 पुरस्कार |
| N. | ताजे पुष्प दलों की रंगोली | – 03 पुरस्कार |
| O. | विद्यालयी (05 से 18 वर्ष आयु वर्ग), दिव्यांग एवं अन्य बच्चों हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता | – 18 पुरस्कार |

उपरोक्त 15 मुख्य प्रतियोगिताओं की श्रेणी में कुल 53 उप श्रेणी हैं, जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिये जायेगें। इस प्रकार कुल 159 पुरस्कार निर्णायक मण्डल के निर्णय के उपरान्त दिनांक 03 मार्च, 2024 को विजेताओं को प्रदान किये जायेगें।

**वसंतोत्सव–2024 के नवीन आकर्षण/कार्यक्रमः–**

Cut Flower Competition के अन्तर्गत Traditional Areas में मात्र जनपद उधमसिंहनगर, नैनीताल, हरिद्वार व देहरादून के पुष्प उत्पादकों/कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

Cut Flower Competition के अन्तर्गत Non Traditional Areas में राज्य के 09 पर्वतीय जनपदों (अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत, टिहरी, पौड़ी, रूद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी) के पुष्प उत्पादकों/कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा Orchid के अन्तर्गत एक अतिरिक्त उप श्रेणी सम्मिलित करते हुए इस श्रेणी में 07 उपश्रेणियों के अन्तर्गत प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

Bonsai श्रेणी के अन्तर्गत Commercial Fruit Trees एवं Forest Trees उपश्रेणियों के अन्तर्गत प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

Pot श्रेणी के अन्तर्गत गार्डनिंग हेतु उपयुक्त समस्त आकारों के Pot हेतु 01 ही उपश्रेणी में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

Painting competition श्रेणी के अन्तर्गत बच्चों की आयु 05 से 12 वर्ष तक तथा 12 से 18 वर्ष तक निर्धारित करते हुए प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

इस वर्ष प्रथमबार Hydroponic तकनीकी को बढ़ावा देने हेतु Hydroponic विधि से बागवानी करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए Hydroponic Cultivation Technology Demonstration श्रेणी को भी प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया है।

इस वर्ष Special Postal Cover के रूप में **थुनेर *(Taxus contorta Griff.)*** का चयन किया गया है, जिसका विमोचन मा0 राज्यपाल महोदय द्वारा किया जायेगा। थुनेर में औषधीय गुण विद्यमान होने के दृष्टिगत इसका उपयोग विभिन्न बीमारियों जैसेः– खॉसी, सर्दी, बुखार, सिरदर्द, पाचन सम्बन्धी समस्या, ब्रॉकाइटिस, त्वचा समस्या, मांसपेशियों में दर्द, गठिया आदि के उपचार में किया जाता है।

वसंतोत्सव के अवसर पर डाक टिकट प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है।

आर्ट गैलरी के माध्यम से विभिन्न पेन्टिंग्स का प्रदर्शन राजभवन ऑडिटोरियम गैलरी में किया जायेगा।

इस वर्ष प्रदर्शनी का अवलोकन करने वाले आमजन के लिए राजभवन की नक्षत्र वाटिका, बौन्साई गार्डन एवं शंकर जी के मन्दिर के भ्रमण की भी व्यवस्था की जायेगी।

इस तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के लगभग 35 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिसमें प्रथमवार पुलिस विभाग द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा। साथ ही उद्यान विभाग के अतिरिक्त विभिन्न शोध संस्थान/कृषि विश्वविद्यालय/बोर्ड/निगम आदि प्रमुख होगें। इन विभागों/संस्थानों द्वारा आयोजन में अपना स्टॉल लगाकर अपने विभाग के जनोपयोगी कार्यक्रमों/तकनीकियों का उत्कृष्टता के आधार पर प्रदर्शन किया जायेगा।

वसंतोत्सव–2024 में स्टॉल के माध्यम से व्यवसायिक गतिविधियॉ संचालित करने हेतु इच्छुक निजी फर्मों/कम्पनियों से शुल्क के रूप में रू0 5000/– व एन0जी0ओ0/एस0एच0जी0 से रू0 2500/– की धनराशि प्राप्त की जायेगी। स्टॉल के माध्यम से मात्र प्रदर्शन करने वाली फर्मों/कम्पनियों/एन0जी0ओ0/एस0एच0जी0 से मात्र रू0 101/– की धनराशि प्राप्त की जायेगी।

भारतीय सैन्य संस्थान (Indian Military Academy), इण्डो तिब्बत बार्डर पुलिस (ITBP), पी0ए0सी0 के साथ–साथ इस वर्ष प्रथम बार होमगार्ड बैंड आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहेगें।

राज्य में स्थापित कृषि/औद्यानिक विश्वविद्यालयों के साथ–साथ केन्द्रीय संस्थाओं को भी आयोजन में प्रतिभाग करने हेतु आमन्त्रित किया जा रहा है, जिनके द्वारा पुष्प के क्षेत्र में किये जा रहे शोध एवं प्रसार कार्यों का प्रदर्शन स्टॉल के माध्यम से किया जायेगा।

वसंतोत्सव में प्रख्यापित बुके निर्माताओं, माला तैयार करने वाले एवं पुष्पों से निर्मित अन्य वस्तुएॅ तैयार कर व्यापार करने वालों को भी आमन्त्रित किया जा रहा है।

उत्तराखण्ड में उत्पादित शहद, पुष्प इत्र, मशरूम, जड़ी–बूटी इत्यादि को बढ़ावा देने तथा वृहद प्रचार–प्रसार की दृष्टि से स्टॉल के माध्यम से जनसामान्य को विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।

पुष्पों के व्यापार/व्यवसाय को बढावा देने हेतु उत्तराखण्ड औद्यानिक परिषद द्वारा Buyer-Seller Meet का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पुष्प क्रेताओं–विक्रेताओं को आमन्त्रित किया जा रहा है।

गत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी राजभवन में रोपित ट्यूलिप पुष्प वसंतोत्सव के अवसर पर अपनी अनुपम सुन्दरता प्रदर्शित करेगें।

वसंतोत्सव में विभिन्न पुष्प उत्पादकों (खुले में एवं संरक्षित वातावरण में उत्पादन) तथा पुष्प नर्सरी उत्पादकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त औद्यानिक यन्त्र, बायोफर्टिलाइजर, जैविक कीटव्याधि नियंत्रक उत्पादन करने वाली विभिन्न फर्मों को आमन्त्रित किया गया है। औद्यानिक गतिविधियों से जुड़े गैर सरकारी संस्थाओं/स्वयं सहायता समूहों/स्थानीय उत्पादक संगठनों द्वारा भी अपने कार्यक्रमों/उत्पादों का प्रदर्शन किया जायेगा।

संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा वसन्तोत्सव–2024 के तीनों दिवसों (01, 02 व 03 मार्च, 2024) को सांय काल 01 घण्टे का सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा, जिसमें स्थानीय भाषाओं के गीतों, लोक नृत्यों एवं अन्य कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ ही प्रदेश से जुड़े हुये ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा भी प्रस्तुतीकरण किया जायेगा।

इस तीन दिवसीय आयोजन में लोगों के खान–पान की सुविधा के लिए विभाग द्वारा गतवर्षों की भांति आई0एच0एम0 एवं जी0आई0एच0एम0 एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट, पौष्टिक, गुणवत्तायुक्त व्यंजनों के स्टॉल की व्यवस्था की जायेगी तथा हाईजीन एवं सैनिटेशन का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

नगर निगम, देहरादून द्वारा राजभवन एवं उसके आस–पास के क्षेत्रों में विशेष साफ–सफाई की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही राजभवन परिसर में आगंतुकों की सुविधा हेतु सचल शौचालय की भी व्यवस्था की जायेगी।

दिव्यांग बच्चों हेतु राजभवन परिसर में पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की व्यवस्था की जायेगी।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ओ0एन0जी0सी0 द्वारा वसन्तोत्सव के दौरान प्रथम दिवस को विभिन्न आयु वर्ग के स्कूली बच्चों को जूट बैग्स उद्यान विभाग से समन्वय कर यथा समय उपलब्ध कराये जायेंगे।

इस वर्ष भी सम्पूर्ण वसन्तोत्सव कार्यक्रम को पॉलीथीन मुक्त रखा जायेगा।

इस वर्ष भी वसन्तोत्सव में 'वर्टिकल गार्डन' एवं 'रूफ–टॉप गार्डनिंग' के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में औद्यानिकी को बढ़ावा देने हेतु पहल की गयी है, जिसमें कम स्थान पर विशेषकर घर की छत/बॉलकनी में पुष्पों एवं जैविक सब्जियों की खेती को प्रदर्शित किया जायेगा।

वसन्तोत्सव में इस वर्ष भी मौसम से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने हेतु मौसम विभाग द्वारा स्टॉल लगाया जायेगा।

आई0टी0बी0पी0 द्वारा आपदा एवं उसके बचाव हेतु विभिन्न प्रबन्धन तकनीकी की जानकारी प्रदान करने हेतु एवं उपयोग में लाये जाने वाले यन्त्रों के प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाया जायेगा।

इस वर्ष भी ''फूलों'' से सजे वाहन के माध्यम से देहरादून शहर के विभिन्न मार्गों पर वसन्तोत्सव का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा। इस हेतु वाहन का फ्लैग ऑफ माननीय राज्यपाल महोदय के कर–कमलों द्वारा दिनांक 29 फरवरी, 2024 को राजभवन से किया जायेगा।

................0..................